| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की |
|---|---|---|

**हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज**

**न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, नाथद्वारा**

प्रकरण संख्या 19/2026 रे0फो0

**राजस्थान राज्य बनाम चन्द्रकांत**

**1**

**दिनांक : 25.03.2026**

सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित।

**अभियुक्त उदयलाल की मृत्यु होने से दिनांक 23.04.2015 को कार्यवाही ड्रॉप की गई।**

**अभियुक्त नारायणलाल की मृत्यु होने से दिनांक 13.03.2019 को कार्यवाही ड्रॉप की गई।**

**अभियुक्त नाथूलाल को दिनांक 13.11.2024 को आरोपित अपराध से उन्मोचित किया गया।**

**अभियुक्त अशोक कुमार को दिनांक 08.10.2024 को मफरूर किया गया।**

**अभियुक्त चन्द्रकांत व शंभुसिंह** मय **अधिवक्ता श्री अतुल पालीवाल उपस्थित।**

**अभियुक्त गिरिराज गुर्जर** मय अधिवक्ता **श्री भरत गुर्जर उपस्थित।**

अभियुक्त **कल्याणसिंह** मय अधिवक्ता **श्री शंकरसिंह सिसोदिया** उपस्थित।

पत्रावली बयान मुलजिम के स्तर पर है। अभियुक्तगण के बयान मुलजिम लेखबद्ध किए गए। अभियुक्त चन्द्रकांत व शंभूसिंह की और से प्रकरण में साक्ष्य प्रतिरक्षा पेश करना चाहा गया। साक्ष्य प्रतिरक्षा का अवसर दिया गया। अभियुक्त कल्याणसिंह व गिर्राज गुर्जर की ओर से साक्ष्य प्रतिरक्षा पेश नहीं करना चाहा गया। अभियुक्त कल्याणसिंह व गिर्राज गुर्जर की साक्ष्य प्रतिरक्षा का अवसर बंद किया जाता है।

अभियुक्त चन्द्रकांत व शंभूसिंह के अधिवक्ता को आदेश दिया जाता है कि आगामी पेशी पर आवश्यक रूप से साक्ष्य प्रतिरक्षा पेश करें।

पत्रावली वास्ते साक्ष्य प्रतिरक्षा दिनांक 01.04.2026 को पेश हो।